भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय
नई दिल्ली

**परीक्षा विंग**

**2024 का परिपत्र संख्या-03**

(केवल भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के लिए)
सं. 270/03-परीक्षा/संशोधित पाठ्यक्रम/2024
दिनांक: 08/08/2024

सेवा में,

ले. एवं हक., भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग कार्यालयों के विभागाध्यक्ष
(मानक ई-मेल सूची के अनुसार)

विषय: क्लर्क के रूप में पदोन्नति के लिए 12वीं पास मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के लिए विभागीय परीक्षा का संशोधित पाठ्यक्रम

महोदया/महोदय,

विभागीय परीक्षाओं के पाठ्यक्रम को समय-समय पर बदलती परिस्थितियों में विभागीय आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किया जाता है। इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा क्लर्क के रूप में पदोन्नति के लिए 12वीं पास एमटीएस के लिए विभागीय परीक्षा के पाठ्यक्रम को संशोधित किया गया है। संशोधित पाठ्यक्रम में 'सूचना प्रौद्योगिकी (प्रैक्टिकल) पर एक पेपर शामिल किया गया है। संशोधित पाठ्यक्रम इसके साथ संलग्न है, जो जारी होने की तिथि से लागू होगा।

2. संशोधित पाठ्यक्रम पर प्रश्न पत्र अब बहुविकल्पीय पैटर्न (सूचना प्रौद्योगिकी प्रैक्टिकल को छोड़कर) में होंगे जिनकी अवधि दो घंटे की होगी। सूचना प्रौद्योगिकी (प्रैक्टिकल) पेपर दो घंटे की अवधि के साथ कंप्यूटर पर आयोजित किया जाएगा।

3. उत्तीर्ण प्रतिशत और अन्य सभी नियम और शर्तें परिपत्र संख्या 01, 2024 में उल्लिखित अनुसार लागू होंगी,

भवदीया
हस्ता/-
(स्वाति पांडे) प्रधान निदेशक (परीक्षा)